| | |
|---|---|
| | **Department of Psychology**<br>**Faculty of Behavioral and Cognitive Sciences** |

# EVENTS

| Sr. No. | Date(s) | Description | Notice | Photo |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 28.02.2020 | **NBRC (National Brain Research Centre, Manesar) visit** | | Link |
| 2. | 17.05.2022 | **One day academic tour at PGIMS (Rohtak)** | | Link |
| 3. | 10.09.2022 | **Suicide Prevention day** | | Link |
| 4. | 10.10.2022 | **Mental Health day** | | Link |
| 5. | 20.10.2022 | **Orientation -cum- Induction Programme** | | Link |
| 6. | 17.08.2023 | **Anti Ragging Rally** | | |
| 7. | 08.19.2023 | **Common Induction Program** | | |
| 8. | 10.10.2023 | **Mental Health day** | | |
| 9. | 13.01.2024 | **Alumni Meet** | | |
| 10. | 14.08.2024 | **Induction Program** | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | 06.09.2024 | **Teacher Day Celebration** | | Link |
| 12. | 22.08.2025 | **Tree Plantation Drive** | | Link |
| 13. | 28.08.2025 | **Induction Programme** | | Link |
| 14. | 28.08.2025 | **Anti Ragging Awareness among Students** | | Link |
| 15. | 05.09.2025 | **Teachers' Day Celebration** | | Link |
| 16. | 10.09.2025 | **Suicide Prevention Day** | | Link |
| 17. | 26.09.2025 | **Extension Lecture (Cognitive Psychology)** | | Link |
| 18. | 13.10.2025 | **Mental Health Awareness Rally** | | Link |
| 19. | 07.11.2025 | **Celebration of 150 years of "Vande Matram"** | | Link |
| 20. | 26.11.2025 | **Educational Trip to Heartfulness Centre Gurugram** | | Link |
| 21. | 06.02.2026 | **Quiz Competition** | | Link |
| 22. | 20.02.2026 | **Psychological Movie (Adolescent) Screening** | | Link |
| 23. | 24.02.2026 | **Educational Visit to PGIMS Rohtak** | | Link |
| 24. | 16.03.2026 | **Participated in International Workshop on soft skills training for health, well-being and stress management for self development of psychologists and therapists- focus on family and community settings. (CBLU)** | | Link |
| 25. | 20.03.2026 | **Extension Lecture (Aggression among Youth) .** | | Link |
| 26. | 18.04.2026 | **Farewell Batch (2024-26)** | | Link |
| 27. | 20.04.2026 | **Sakora Abhiyaan** | | Link |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28. | 14.05.2026 | **Special Lecture on Internship Blueprint** | | Link |
| 29. | 19.05.2026 | **Workshop on Communication Skills and Personality Development** | Link | Link |
| 30. | 28.07.2026 | **Participated in Plantation drive Organised by NSS IGU** | | Link |
| 31. | 20.08.2026 | **Induction Programme** | | Link |
| 32. | 03.09.2026 | **Teachers Day Celebration** | | Link |
| 32. | 10.09.2026 | **World Suicide Prevention Day** | | Link |
| 33. | 18.09.2026 | **National Brain Research Centre ( NBRC ) Visit , Manesar** | | Link |

1. An Academic tour was organized on **28th February, 2020** by the department of Psychology IGU, Meerpur, to NBRC (National Brain Research Centre, Manesar) to educate students about the newest technology or about the leading research in the field of neuroscience and how it relates to psychology emerging areas.

2. One day academic tour at PGIMS (Rohtak) on **17th May, 2022** was conducted by the department of Psychology IGU, Meerpur, for the students to encourage them in their field and get to know about the psychological disorders & diagnosis, psychological testing, counseling techniques & practice. Students got aware about the issues of concern in the field of Psychology.

3. On 10th of September, 2022 "**World Suicide Prevention day"** was organized by the department of Psychology at IGU, Meerpur by Students & Professors. A **'NUKAD NATAK'** was played to aware people about causes of suicide. Shows how different situations in day to day life take a life of people like stress, depression.

4. World Mental Health day was celebrated on 10th October, 2022 **'An Awareness Rally'** about mental health was performed in the University & nearby villages to spread the awareness and importance of Mental Health like our physical health.

5. The Academic Audit was conducted by the department of Psychology on 15th October, 2022. In that syllabus, testing tools, Labs, faculty, and other factors were assessed by the committee. The Department of Psychology has one clerk, two Assistant Professor (Resource/Contractual) and there is a need for at least 03 regular Assistant Professor, Associate Professor, one peon and lab attendant. The students are learning

as per the requirement of the syllabus (Self – Study Paper & Seminar), for smooth functioning of department availability of regular and senior faculty is needed to provide direction and supervision.

6. The Higher Education Institutions play an important role in the development of individual family and society laying the foundation of a strong nation. The goal is to enrich all fields of knowledge, inculcate a sense of responsibility and enhance the inner potential of an individual. The Induction Programme was organized by the Department on 20.10.2022 All the Faculty members & students participated in the programme. Purpose of student induction programme is to help the new student adjust & feel comfortable in the new environment, inculcate in them the ethos & culture of the institution, help them build bonds with other students, faculty members, & expose them to a sense of large purpose & self exploration Department level induction programme organized before regular classes start. Chairperson Prof. Satinder Bal, delivered an introductory talk, with a very knowledgeable concept. We have invited a special guest Prof. Nikhilesh Yadav Department of English, IGU, Meerpur, Rewari. It was a wonderful session that covered the areas: Psychology, literature, philosophy, marketing Industrial Psychology etc. Students were told about syllabus, Practicals, seminars, self study, scheme of examination etc. Students were taken for a department visit, and a lab was shown. Library visit was also arranged for them. They were also guided about the different activities of the University, courses as well other entities run by IG University like NSS, YRC, Sports, Yoga class etc.




**Nukkad Natak was organised on Suicide Prevention Day in University campus and nearby villages on 10th Sep. 2022**







**Rally organized on World Mental Health Day on 10th oct. 2022**



punjabkesari

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रैली निकाली

हरिभूमि

**News Voice**
14 hrs · Facebook for Android ·

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर रैली निकाल किया जागरूक
रेवाड़ी, 10 अक्टूबर।
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवम् गांव तुर्कियावास, मीरपुर तथा ततारपुर में रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रैली के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।
रैली का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. सतेंद्र बल गुप्ता के मार्गदर्शन एवम् सहयोग से हुआ। वाणिज्य विभाग से डॉ. दीपक गुप्ता (एसोसिएट प्रोफेसर) द्वारा रैली का उद्घाटन और विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया गया। साथ ही मनोविज्ञान विभाग से डॉ. सतीश कुमार व डॉ. अनीता यादव मौजूद रहे। पास आऊट विद्यार्थी रोहित, दीपिका, निशा के साथ मनोविज्ञान विभाग के प्रथम एवम अंतिम सत्र के छात्रों द्वारा रैली का संचालन किया गया।






**Induction Programme- 2022**



# Induction Programme- 2023





# विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर ली देखभाल की जिम्मेदारी

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक विद्यार्थी एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने एक-एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. सुनील कुमार, अधिष्ठाता मानविकी संकाय एवं अध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग प्रो. निखिलेश यादव तथा मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, बिहेवियरल एंड कॉग्निटिव साइंसेज डॉ. बिजेंद्र सिंह ने भी पौधारोपण किया। प्रो. सुनील कुमार ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्रो. निखिलेश ने विद्यार्थियों से कहा कि पौधरोपण केवल हरियाली बढ़ाने का प्रयास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। डॉ. बिजेंद्र सिंह ने भी विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मनोविज्ञान विभाग से डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतीश कुमार, रोहित कुमार स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

Plantation Drive 2025






# Anti Ragging Pledge 2025

नवोदय टाइम्स
SAT,30 AUGUST 2025
EDITION: REWARI MAHENDERGARH TIMES, PAGE NO. 2

# मनोविज्ञान विभाग में नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन



*आईजीयू में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी।*

रेवाड़ी, 29 अगस्त (अशोक वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधानात्मक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन ह्यूमानिस्टीज़ एंड चेयरपर्सन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन प्रो. निखिलेश यादव ने अपने उद्बोधन में मनोविज्ञान की दार्शनिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान का उद्भव दर्शन से हुआ है और यह मानव व्यवहार तथा मानसिक प्रक्रियाओं की वैज्ञानिक समझ विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित न रहकर आलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण विकसित करें। मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं डीन ऑफ़ बीह्वियोरल एंड कॉग्निटिव साइंसेज डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभाग की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि विभाग उनके सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा। डॉ. संदीप कुमार ने विभाग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी शैक्षणिक परंपराओं और अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग के शिक्षण-शास्त्र, प्रयोगशालाओं और उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया, साथ ही यह भी बताया कि विभाग निरंतर नवीनतम मनोवैज्ञानिक शोधों एवं सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने शैक्षणिक ढाँचे को अद्यतन करता रहता है। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों को बताते हुए भविष्य में शुरू होने वाले पी एच डी प्रोग्राम व डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग के बारे में अवगत कराया। साथ ही डॉ. संदीप कुमार ने बच्चों को नशा मुक्त भारत के तहत नशा ना करने और परिसर में रैगिंग ना करने की शपथ दिलाई।

इसके बाद डॉ. सतीश कुमार ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना का विस्तृत परिचय देते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों, केंद्रों एवं अध्ययन-अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय की आधुनिक पुस्तकालय सेवाओं, डिजिटल संसाधनों, स्मार्ट कक्षाओं, मनोविज्ञान प्रयोगशालाओं तथा छात्र-कल्याण योजनाओं पर विशेष प्रकाश डाला। रोहित ने विद्यार्थियों को विभागीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा और शैक्षणिक योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पाठ्यक्रम के विभिन्न पत्रों, वैकल्पिक विषयों, प्रयोगात्मक गतिविधियों तथा मूल्यांकन पद्धति को सरल भाषा में समझाया, ताकि नवप्रवेशित विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से प्रारंभ कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि वे नियमित रूप से कक्षाओं और कार्यशालाओं में सहभागिता करें तथा शोध एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाएं।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता व डॉ. संदीप मौजूद रहे । डॉ. अनीता ने विद्यार्थियों को एनएसएस सेवाओं की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा-भाव और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। अंत में डॉ. सतीश कुमार ने कार्यक्रम का समापन सभी का धन्यवाद के साथ किया।

Induction Programme 2025







**Awareness by Skit on the ocassion of world suicide prevention day 2025**

# आईजीयू में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक




विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एकत्रित विद्यार्थी व स्टाफ। स्रोत : विवि

रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. बिजेंद्र सिंह और नेशनल टास्क फोर्स नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों यूआईटी बिल्डिंग, विवेकानंद भवन और राव तुलाराम भवन में नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया। नाटकों के माध्यम से संदेश दिया गया कि कठिन परिस्थितियों में संवाद, सहयोग और सकारात्मक सोच अपनाकर जीवन को नई दिशा दी जा सकती है।

उन्होंने कहा छोटी-छोटी समस्याओं को साझा करना व समय रहते मदद लेना आत्महत्या जैसी गंभीर प्रवृत्तियों को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकता है। संवाद



Teachers' Day Celebration 2025




हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Rewari - 28 Sep 2025 - Page 3

# भविष्य की संभावनाओं पर हुई चर्चा

- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से शनिवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के वर्तमान अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मनोविज्ञान की प्रख्यात शिक्षिका प्रो. अमृता यादव ने मुख्य व्याख्यान दिया।कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डा. बिजेंद्र द्वारा स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने मख्य वक्ता प्रो. अमृता यादव का हार्दिक अभिनंदन किया और उपस्थित संकाय सदस्यों तथा छात्रों का स्वागत किया।



मीरपुर। यूनिवर्सिटी में व्याख्यान देते हुए अमृता यादव। फोटो : हरिभूमि

संज्ञानात्मक मनोविज्ञान आने वाले वर्षों में न केवल शैक्षणिक अनुसंधान बल्कि समाज के हर पहलू में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आने वाला समय एआई का

अमृता यादव ने कहा कि संज्ञानात्मक मनोविज्ञान हमें यह समझने में मदद करता है कि इंसान कैसे सोचता है, सीखता है और निर्णय लेता है। यही समझ भविष्य की तकनीक और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम दे सकती है। उन्होंने विस्तार से बताया कि आज इसका प्रभाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, शिक्षा, संगठनात्मक प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य तक देखा जा सकता है।

Extension Lecture 2025







Mental Health Awareness Rally 2025



# मनोविज्ञान प्रश्नोत्तरी में रीना और लक्ष्मी प्रथम

रेवाड़ी | इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के मनोविज्ञान विभाग में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए विभाग स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डॉ. बिजेंद्र, संकाय सदस्य डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतीश कुमार, रोहित कुमार तथा शोधार्थी भूमिका और पारुल मौजूद रहे। प्रतियोगिता में रीना और लक्ष्मी ने प्रथम, दीपक और तन्नु ने द्वितीय तथा प्रिया और रवीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




Quiz Competition 06.02.2026




Psychological Movie Screening 20.02.2026




Educational Visit PGIMS Rohtak 24.02.2026



नवोदय टाइम्स
MON,23 MARCH 2026
EDITION: REWARI MAHENDERGARH TIMES, PAGE NO. 4

# ‘युवा वर्ग में आक्रोश’ विषय पर व्याख्यान

रेवाड़ी, 22 मार्च (अशोक वधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ‘युवा वर्ग में आक्रोश’ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात प्रोफेसर रोशन लाल दहिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यूआईटी परिसर में पौधारोपण के साथ की गई।



*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता।*

मुख्य वक्ता प्रोफेसर रोशन लाल दहिया ने युवाओं में बढ़ते गुस्से के विभिन्न मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और पारिवारिक कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव और डिजिटल जीवनशैली के कारण युवाओं में तनाव और आक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस समस्या पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके गंभीर परिणाम समाज पर पड़ सकते हैं। प्रोफेसर दहिया ने युवाओं को अपने भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन, सकारात्मक सोच और संवाद के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता कॉग्निटिव एंड बिहेवियरल साइंसेज डॉ. बिजेंद्र सिंह, शिक्षकगण डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतीश कुमार व रोहित कुमार सहित शोधार्थी पारुल और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

Extension lecture 20.03.2026

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Rewari - 17 May 2026 - Page 4




# विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और पेशेवर कौशल को विकसित करती इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'इंटर्नशिप ब्लूप्रिंट' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सामाजिक कार्य विभाग से डा. सतेंद्र थे। कार्यक्रम का उद्देश्य मनोविज्ञान विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान करना तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना था। इस मौके पर डा. सतेंद्र ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी इंटर्नशिप न केवल व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं पेशेवर कौशल को भी विकसित करती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने इंटर्नशिप प्रोग्राम से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। इस मौके पर इंटर्नशिप रिपोर्ट बनाने की संरचना, आवश्यक बिंदुओं तथा प्रस्तुतीकरण शैली पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन विभाग के शिक्षक प्रभारी डा. संदीप कुमार ने किया। इस मौके पर विभाग से डा. सतीश कुमार, रोहित कुमार, रिसर्च स्कॉलर पारुल यादव व भूमिका मौजूद रही। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डा. विजेंद्र सिंह तथा डा. संदीप कुमार ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंटकर आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

# Special Lecture on "The Internship Blueprint" 14.05.2026

The Department of Psychology at Indira Gandhi University organized a special lecture on "The Internship Blueprint." The keynote speaker was Dr. Satender Kumar from the Department of Social Work. The purpose of the lecture was to provide essential information related to the internship program to second-semester students of the Department of Psychology and to address their queries.

During the lecture, Dr. Satender Kumar provided detailed information about the objectives, methodology, and report preparation process of the internship program. He explained that an effective internship not only provides practical experience but also develops the personality and professional skills of the students.

During the session, students raised various questions related to the internship program, which the keynote speaker addressed through simple and practical examples. Specifically, the structure of the internship report, essential points, and presentation style were discussed.

The program was conducted under the guidance of Department Chairperson Dr. Bijender Singh, and department members Dr. Sundeep Kumar, Dr. Satish Kumar, and Rohit Kumar were present. Students participated enthusiastically in the lecture, finding it highly informative and useful. The department expressed its gratitude to the keynote speaker.




# 'व्यक्तित्व के संयोजन से ही प्रभावी संचार होता है तय'



भास्कर न्यूज | रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में मानविकी संकाय व व्यावहारिक और संज्ञानात्मक विज्ञान संकाय के संयुक्त तत्वावधान में 'संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। शुभारंभ करते हुए अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो सुनील कुमार ने कहा कि, संचार मानव जीवन का आधार है। इसके और व्यक्तित्व के संयोजन से ही प्रभावी संचार तय होता है।

अधिष्ठाता प्रो निखिलेश यादव ने व्यक्तित्व विकास के लिए भाषा व अंतः तथा अंतर-वैयक्तिक (इंट्रा पर्सनल व इंटर पर्सनल) संचार के महत्व को समझाया। संकाय अधिष्ठाता डॉ. बिजेंद्र सिंह ने जन संचार, शारीरिक हाव-भाव व आवाज के उतार-चढ़ाव पर जोर दिया। मनोवैज्ञानिक विभाग से डॉ. संदीप कुमार ने मन व मानवीय व्यवहार तथा अंग्रेजी विभाग से डॉ. विनय कुमार ने भाषा कौशल व अवरोधकों पर विचार रखे।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो रोमिका बत्रा सुखीजा ने मानवीय संबंधों के लिए बेहतर संचार को जरूरी बताते हुए सबका धन्यवाद किया। मंच संचालन शोधार्थी प्रीति ने किया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू पूरी, डॉ. अर्चना, रोहित यादव, शोधार्थी पारूल, रोहित, एकता, ज्योति, कुसुम, सुभाष, मीनाक्षी, रामप्रकाश, किरण, निशा, स्वाति, मेधा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**Workshop on Communication Skills and Personality Development 19.05.2026**




**Dept. of Psychology Participated in Plantation Drive Organised by NSS IGU 28.07.2026**

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
24082026 Rohtak Rewari - 24 Aug 2026 - Page 4

**आईजीयू में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए इंडक्शन कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को विश्वविद्यालयीन माहौल, विभागीय सुविधाओं, पाठ्यक्रम और मनोविज्ञान के व्यावहारिक महत्व से अवगत कराना था। इस मौके पर डीन एवं विभागाध्यक्ष डा. बिजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता प्रो. रोमिका बत्रा सुखीजा ने प्रभावी कम्युनिकेशन स्किल्स को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनोविज्ञान का अध्ययन व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को समृद्ध बनाता है।




**Induction Programme - 20.08.2026**



**Teachers Day Celebration 2026**







**World Suicide Prevention Day 10.09.2026**






**National Brain Research Centre ( NBRC ) Visit , Manesar 18.09.2026**